**<u>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 04.10.2024 को आहूत बैठक का कार्यवृत।</u>**

दिनांक 04.10.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्रं0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री जे.के. गुप्ता | अधी. अभि., खण्ड कार्यालय (वि./यॉ.) जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 6 | श्री रजनीश गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 7 | श्री संदीप शर्मा | सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री फैज़ल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री सुमित गुप्ता | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री विशाल सिंह | प्रतिनिधि यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 14 | श्री सुभाष विश्नोई | पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फा0 |
| 15 | श्री जे.एस. पेट्रीक | डी.जी.एम. मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |
| 16 | श्री बलवीर सिंह | प्रतिनिधि, मेसर्स एच.एम.एस. इन्फ्राटेक, आगरा। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **<u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।</u>**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

**<u>गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 42 ग्रामों मे से 41 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गयी 148.00 किमी. सड़कों के सापेक्ष 146.50 किमी. सड़कों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। शेष मार्गो/सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत जलापूर्ति प्रारम्भ किये गये समस्त ग्रामों में पूर्व की भाँति पुनः सत्यापन कराया जायें।

**<u>बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 23 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के ए.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के अवशेष ग्रामों को आगामी 01 सप्ताह के अन्तर्गत "हर घर जल" सत्यापित करा दिया जायेगा।

**<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर शेष ग्राम का भी "हर घर जल" प्रमाणिकरण करा दिया जायेगा।

जल भराव के कारण योजना के कार्य प्रभावित है तथा दिसम्बर–2024 तक योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अगवत कराया गया है योजना के अवशेष कार्यो को अविलम्ब पूर्ण कराते हुये योजना के माध्यम से शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यो को नवम्बर–2024 तक पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे– बरूआसागर, गुरसरांय, मोंठ एवं समथर में पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है, जिन्हें निर्धारित समयावधि जुलाई–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा तथा अन्य नगरों में पेयजल योजनाओं के कार्यो की निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-1559/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2024/146 दिनाँकः 17 अक्टूबर, 2024

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी, झाँसी।
4– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, झाँसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन